**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 09.07.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा कोतवाली जालौन में पंजीकृत अभियोग में वांछित एवं 25,000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

दिनांक 08.07.2025 को कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/ वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली जालौन में पंजीकृत मु0अ0सं0 182/2025 धारा- 103(1) बीएनएस में वांछित एवं 25,000/- रूपये का इनामिया अभियुक्त अभिषेक श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव नि0 ग्राम डकोर थाना डकोर जनपद जालौन को सातमील पर विजली के पोल के पास गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि साहब मैं ग्राम डकोर का रहने वाला हूँ एवं हाल ही में दिल्ली के एक  होटल में नौकरी कर रहा था। करीब 02 वर्ष पूर्व मैं अपने ही गांव के ऋषि तिवारी के बच्चों को छुट्टियो मे ट्यूशन पढाता था। ट्यूशन पढाते वक्त ऋषि तिवारी की पत्नी पुष्पा तिवारी से मेरा सम्पर्क हुया था। आज से करीब दो महीने पूर्व से पुष्पा तिवारी फोन करके कहती थी, मुझे अपने साथ ले चलो, मै तुम्हारे साथ रहना चाहती हूं। चूंकि पुष्पा शादी सुदा थी, इसलिये मैं उसके साथ नहीं रहना चाहता था तो मैंने उसे रास्ते से हटाने के लिये दिल्ली बुलाया और उसे अपने कमरे पर लेकर गया। वहां से हम दोनों उत्तराखण्ड घूमने के लिये निकल गये। दिनांक 06.06.2025 की शाम को भीमताल पहुंचकर एक होटल में कमरा किराये पर लिया। वहाँ पर हम दोनों ने शराब पी। पुष्पा तिवारी ने नशे में अपने पति ऋषि तिवारी को उसी रात्रि को फोन किया और अपने पति से कहा कि बच्चों से बात कराओ। ऋषि तिवारी काफी देर इधर-उधर की बात करता रहा और बच्चों से बात नहीं करायी। मैंनें पुष्पा से बात करने की मना किया तो इस बात को लेकर मुझसे झगडा करने लगी। उसके बाद रात्रि करीब 01:00 बजे मैं पुष्पा तिवारी को लेकर झील की तरफ टहलने चला गया और वहां सीढियों के पास बैठ गये। वहां रात्रि में कोई नहीं था, जहा पर बैठकर पुष्पा तिवारी फोन पर बच्चों से बात कराने को लेकर हम दोनो में विवाद हो गया। पुष्पा तिवारी अत्यधिक नशे मे थी, वहीं सीढियों पर मैंने मुंह पर हाथ रखके उसका टीशर्ट पकडा और पानी की ओर ढकेल दिया। वह नशे की हालत में उठ नही पायी, तब मैंनें उसे पानी में थोडी देर दबाये रखा तो वह अपने बचाव मे पानी मे छटपटाई तो उसकी टीशर्ट मेरे हाथ मे आ गयी। जिसको मैंने झील मे ही फेक दिया। जब मुझे लगा कि पुष्पा तिवारी मर गयी है, तब मैं तेज कदमो से होटल की तरफ भाग गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम –**

1. अभिषेक पुत्र संतोष श्रीवास्तव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी कस्बा व थाना डकोर जनपद जालौन

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक जालौन मय पुलिस टीम।